26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 13 दिसम्बर, 2025
अंक- 50 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# फुटबॉल के हीरो लियोनल मेसी कोलकाता पहुंचे

## स्टेडियम से जल्दी जाने पर भड़के, कुर्सियां और बोतलें फेंकीं

**कोलकाता ( एजेंसी/चिंगारी )।** लियोनल मेसी G.O.A.T दौरे पर भारत पहुंच चुके हैं। आज वह कोलकाता पहुंचे और सॉल्ट लेक स्टेडियम का दौरा किया। लैप ऑफ ऑनर के बाद वह स्टेडियम से जल्दी निकल गए। इसके बाद सॉल्ट लेक स्टेडियम में मौजूद फैंस ने जमकर हंगामा किया है। उन्होंने कुर्सियां और बोतलें फेंकी हैं। इसका वीडियो सामने आया है। मेसी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे थे। सबसे बड़ी बात कि उन्होंने टिकट के लिए भारी कीमत भी चुकाई थी। ऐसे में उनके जल्दी स्टेडियम से जाने से फैंस भड़क गए।



गुस्साए फैंस की प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। एक प्रशंसक का कहना है, 'बेहद निराशाजनक घटना। वे सिर्फ 10 मिनट के लिए आए। सभी नेता और मंत्री उनके चारों ओर जमा थे। हम कुछ भी नहीं देख पाए। उन्होंने एक भी किक या पेनल्टी नहीं ली। उन्होंने कहा था कि वे शाहरुख खान को भी लाएंगे। लेकिन वे किसी को नहीं लाए। वे 10 मिनट आए और चले गए। इतना पैसा, भावनाएं और समय बर्बाद हो गया। हम कुछ भी नहीं देख पाए...।' वहीं, दूसरे फैन ने कहा, 'मेसी के चारों ओर सिर्फ नेता और अभिनेता ही थे...तो फिर उन्होंने हमें क्यों बुलाया... हमें 12 हजार का टिकट मिला था, लेकिन हम उनका चेहरा तक नहीं देख पाए...।' मेसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो चुके हैं। अब वह हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। मेसी को हैदराबाद में एक एग्जीबिशन मैच में भी हिस्सा लेना है। हालांकि, इस पूरे हंगामा से प्रशासन और आयोजकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। महंगे टिकट के बावजूद फैंस मेसी को 10 मिनट देख पाए, जबकि उनका कार्यक्रम डेढ़ बजे से शुरू होना था।

# 'धुरंधर' बनी बॉक्स ऑफिस सुनामी

## 8 दिन में 'कांतारा चैप्टर 1' को छोड़ा पीछे, 250 करोड़ पार

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** 'धुरंधर' ने जनता को धमाकेदार एंटरटेनमेंट देने का एक हफ्ता शानदार तरीके से पूरा किया। रणवीर सिंह की इस फिल्म का शुक्रवार से दूसरा हफ्ता शुरू हो गया।



और शुक्रवार से ही 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर सुनामी बन गई है। 8 दिनों में ही इसने 250 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर लिया है। पहले हफ्ते में 'धुरंधर' की बॉक्स ऑफिस जर्नी, सफलता की एक अनोखी कहानी रही। बेहतरीन ओपनिंग वीकेंड के बाद, वर्किंग डेज में फिल्म को जमकर दर्शक मिले। मंगलवार, बुधवार, गुरुवार को 'धुरंधर' का कलेक्शन, ओपनिंग कलेक्शन से भी ज्यादा था। गुरुवार को बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा करने के साथ इसने 200 करोड़ का लैंडमार्क भी पार किया था। इस दिन 'धुरंधर' ने 29 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन किया था और कुल नेट कलेक्शन 218 करोड़ से ज्यादा था।

# युवकों ने धर्मपाल सिंह को बीड़ी पिलाकर ठग लिया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोक अदालत में बिजली का बिल जमा करने जा रहे एक व्यक्ति को दो युवकों ने ठगी का शिकार बना लिया। युवकों ने बीड़ी पिलाकर उसकी जेब से 16 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम पितनहेड़ी निवासी धर्मपाल सिंह आज जजी परिसर में आयोजित लोक अदालत में अपना बिजली बिल जमा करने के लिए 16 हजार रुपये लेकर आये थे। जब वह बस स्टैंड से जजी की ओर जाने लगे, तभी गन्ना समिति के पास पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उससे बातचीत शुरू की। युवकों ने स्वयं को बिजली विभाग से जुड़ा हुआ बताते हुए कहा कि वे उनका बिजली बिल को ठीक करा देंगे। विश्वास में लेकर वे धर्मपाल सिंह को अपनी बाइक पर बैठाकर गन्ना समिति के पास एक गली में ले गए। आरोप है कि वहां उन्होंने उसे बीड़ी पिलाई और इसी दौरान उसकी जेब से 16 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद वह कहकर कि फल लेकर आते हैं, दोनों युवक मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब धर्मपाल सिंह को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने शोर मचाया, जिससे मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।




बिजनौर ठगी का शिकार हुए धर्मपाल सिंह खाली लिफाफा दिखाते हुए

लोकप्रिय अख़बार चिंगारी सांध्य दैनिक के सम्पादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी को उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर







हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

मुनव्वर अली
संस्थापक सदस्य
समाजवादी पार्टी, नजीबाबाद

आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट
मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)


सुविधाऐं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े बेसिक स्कूलों के प्रश्न-पत्र

## स्कूलों में भी भेजे आधे अधूरे, फाउंट है बहुत छोटा

## शिक्षकों की जांच की मांग, शासन से होगी शिकायत

**बिजनौर (चिंगारी)।** परिषदीय स्कूलों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में बड़ा गड़बड़ झाला सामने आया है। प्रश्न-पत्रों की छपाई में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। भारी भरकम बजट के बावजूद लीपापोती कर दी गई। स्कूलों में आधे अधूरे प्रश्न-पत्र भेजे गए। प्रश्न-पत्र का फाउंट इतना छोटा की शिक्षकों को भी पढ़ने में आ रही परेशानी। शिक्षकों ने पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर शासन से शिकायत करने का निर्णय लिया गया है।



परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय में पिछले तीन दिन से अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। स्कूलों में भेजे गए प्रश्न-पत्र को देखते ही भ्रष्टाचार की झलक दिखाई दे रही है। स्कूलों में भेजे गए प्रश्न-पत्रों का फाउंट इतना छोटा है की पढ़ने में भी बच्चों को, शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि इतने घटिया प्रश्न-पत्र किसी भी वर्ष में उपलब्ध नहीं कराए गए। स्कूलों में प्रश्न-पत्र भी आधे अधूरे भेजकर शिक्षा विभाग ने पल्ला झाड़ लिया है। शिक्षकों का कहना है कि किसके इशारे पर इतने घटिया प्रश्न-पत्र प्रकाशित कराए गए हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रश्न-पत्रों में पूर्णांक विधि के स्थान पर 50 प्रकाशित किया गया है। शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो प्रश्न-पत्र के प्रकाशन के लिए मोटी रकम शासन से आई थी। इसके बावजूद आधे अधूरे प्रश्न-पत्र प्रकाशित करना किसी के गले नहीं उतर रहा है। कक्षा 6, 7 व 8 के प्रश्न-पत्रों में भी गलतियों की भरमार है। जिले का कोई भी खंड शिक्षा अधिकारी प्रश्न-पत्र के प्रकाशन पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बच्चों के लिए आयी धनराशि को कौन निगल रहा है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। जिले के लाखों बच्चों के साथ खिलवाड़ किया जाना किसी को हजम नहीं हो रहा है।

### लाखों की हुई छपाई

परिषदीय स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के प्रश्न-पत्र के प्रशासन में गोलमाल किए जाने से हर कोई हैरानी में है। बेसिक शिक्षा विभाग के सूत्रों की मानें तो करीब चार लाख रुपए की लागत से प्रश्न-पत्र का प्रकाशन कराया गया है, जबकि विशेषज्ञों का दावा है कि प्रश्न-पत्र व उसके साइज को देखते हुए एक लाख रुपए की भी लागत नहीं आई होगी। प्रश्न-पत्रों के प्रकाशन में शिक्षा विभाग ने बड़ा बंदर बाट किया है।

### शिक्षक बोले शासन से होगी शिकायत

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के घटिया प्रकाशन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि इससे घटिया प्रश्न-पत्र कभी बच्चों को उपलब्ध नहीं कराए गए। प्रश्न-पत्रों का प्रकाशन करने वाली संस्था पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। प्रश्न-पत्र प्रकाशन में मिलीभगत करने वाले अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्यवाही नहीं हुई तो शासन को शिकायत की जाएगी। बच्चों के साथ खिलवाड़ को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

### विज्ञान का प्रश्न नंबर 2 पूरा ही गलत

बेसिक स्कूलों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अनियमिताओं की भरमार है। कक्षा 7 के विज्ञान का प्रश्न संख्या दो पूरा ही गलत प्रकाशित कर दिया गया, जबकि सामाजिक विज्ञान का प्रश्न-पत्र आधा अधूरा प्रकाशित स्कूलों को भेजा गया है। पहले शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्न-पत्रों का पुनः प्रकाशन करने की बात कही गई थी। दूसरी ओर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने प्रश्न-पत्रों के प्रकाशन की जांच करने को कहकर पल्ला झाड़ लिया है।

## शिक्षणेत्तर संघ का प्रांतीय सम्मेलन 22-23 दिसंबर को

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री मुख्य अतिथि होंगे। सम्मेलन 22 व 23 दिसंबर को लखनऊ के रवीन्द्रालय भवन में आयोजित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री योगेश कुमार व जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में होने वाले प्रदेश सम्मेलन में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जबकि प्रदेश के शिक्षा निदेशक महेंद्र देव व महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी विशिष्ट अतिथि होंगी। उन्होंने बताया कि संगठन के पहले दिन संगठनात्मक संरचना, प्रदेश संगठन के चुनाव, सदस्यता, प्रदेश के निष्क्रिय जनपदों में सक्रियता बढ़ाने, शासन में लंबित मांगों-शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति दूर करने, भर्ती पर रोक हटाने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाने आदि मांगों पर चर्चा की जाएगी, जबकि दूसरे दिन सम्मेलन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव व महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी का संबोधन व संगठन की ओर से अतिथियों का सम्मान होगा। सम्मेलन में माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ बिजनौर के पदाधिकारियों ने जनपद के शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रांतीय सम्मेलन में प्रतिभाग करने की अपील की है।

**डिप्टी सीएम व शिक्षा मंत्री रहेंगे मुख्य अतिथि**

## कार्बेट नेशनल पार्क में बनेंगी चार नई वन चौकियां

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। वनों और वन्यजीवों के संरक्षण को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से कॉर्बेट नेशनल पार्क में चार नई वन चौकियों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पार्क प्रशासन द्वारा शीघ्र ही चौकियों के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाएगा।**




जानकारी के अनुसार वर्तमान में कॉर्बेट नेशनल पार्क क्षेत्र में कुल 170 वन चौकियां कार्यरत हैं। इसके बावजूद संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में निगरानी की आवश्यकता को देखते हुए पार्क प्रशासन ने चार नई चौकियों के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। प्रस्ताव के अनुसार इनमें से दो वन चौकियां कालागढ़ टाइगर रिजर्व और दो चौकियां कॉर्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थापित की जाएंगी। दोनों टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में स्थान चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थान चिन्हित होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

चौकियों की स्वीकृति मिलने की पुष्टि करते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि नई चौकियों के निर्माण से वन सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। प्रत्येक चौकी में चार से पांच वनकर्मियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही रसोई, शौचालय तथा बिजली की आपूर्ति के लिए सोलर लाइट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 14 दिसम्बर 2025**

मेष- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

मिथुन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

कर्क- आज रात्रि 9/42 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

सिंह- अभीष्ट सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, वैमनस्यता में कमी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

कन्या- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, समझदारी से हानि का बचाव।

तुला- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम।

वृश्चिक- आज रात्रि 9/42 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

धनु- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

मकर- चिरवांछित कार्य बनने की ओर, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

कुम्भ- आज रात्रि 9/42 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार-विहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

मीन- आज रात्रि 9/42 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नहीं हुआ समस्याओं का समाधान, तो 24 को करेंगे चक्का जाम



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** रालोद नेता सरदार बुद्ध सिंह ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपकर समस्याओं का समाधान न होने पर 24 दिसम्बर को नांगल-चंदक मार्ग पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मौजा तैय्यबपुर गौरवा, लालपुर सोजीमल, तिसोतरा, शरीफपुर बंगर के किसानों की पूर्व में गंगा में समायी भूमि को सीमांकन के बाद भी किसानों को नहीं सौंपा गया है। राजगढ़ रेंज के रेंजर और वन दरोगा द्वारा भू-माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है और पुन: भू-माफियाओं को ही अवैध रूप से किसानों की भूमि पर कब्जा करा दिया गया है। 30 अक्टूबर को भू-माफियाओं द्वारा किसान मुन्नू पुत्र लल्लू निवासी ग्राम तिसोतरा के साथ की गई मारपीट का मुकदमा भी नांगल थाने में दर्ज नहीं किया गया है। किसानों को उनकी जमीनों पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम कामराजपुर के बस अड्डे पर पूर्वाहन 11 बजे से चक्का जाम किया जायेगा। उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपने वालों में रालोद नेता सरदार बुद्ध सिंह के अलावा वीर सिंह, सुलेमान, प्रमोद मौर्य, राजेश, चन्द्रपाल, मुन्नू शामिल रहे।

## बिक्री/किराए के लिए व्यावसायिक संपत्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल ( SRS MALL ), शक्ति चौक, बिजनौर में स्थित, दो व्यावसायिक हॉल ( बिक्री या किराए ) के लिए उपलब्ध हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

दो हॉल तृतीया तल पर जिनका आकार-74 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा एवं 79 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा है।

इच्छुक व्यक्ति श्री मनीष कुमार जी से 9927164079 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सूचना

मैंने अपना नाम जैनब इरशाद अहमद से बदलकर शेख जैनब कर लिया है। भविष्य में अब मुझे शेख जैनब के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाये। -शेख जैनब पत्नी हम्मादुर्रहमान, म.नं.-252 फरीदपुर उददा ( बिजनौर )

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105

आपके शहर बिजनौर में पहली बार

एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ

24/7 SERVICE

आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।




कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

**भली लगे**
**या बुरी ...**

## प्रदूषण- एक हत्यारा

यह विडम्बना ही है कि भारत दुनिया के 5 सबसे प्रदूषित देशों में से एक है। यह भी विचित्र तथ्य है कि दुनिया के 5 सबसे प्रदूषित देशों में से तीन भारत-पाक और बांग्लादेश है, जो आजादी के पहले के मूल भारत के ही हिस्से हैं। दुनिया में और भारत में भी हर 8 में से एक मौत का कारण प्रदूषित हवा है तथा हर 4 में से 1 हृदय रोग से मौत भी प्रदूषित हवा के कारण हो रही है। महानगरों में प्रदूषण की स्थिति इतनी बदतर है कि छोटे-छोटे बच्चे भी अस्थमा के शिकार हो रहे हैं।

देश में असामयिक तरीके से दो प्रकार की मौतें हो रही हैं। उसमें एक है प्रदूषण और दूसरी सड़क दुर्घटनायें। प्रदूषण तो लगभग हर क्षेत्र में पहुंच चुका है, जल प्रदूषित, वायु प्रदूषित, भोजन-खाद्यान्न प्रदूषित और देखा जाये तो राजनीति तथा समाज तो अत्याधिक प्रदूषित हो चुके हैं। पर अभी हम मुख्य तौर पर वायु प्रदूषण की चर्चा करेंगे, जिससे औसतन देश में प्रतिवर्ष 20 लाख लोग असमय मौत के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण को तो अब एक हत्यारा कहा जा रहा है और भारत की स्थिति इतनी भयावह है कि इससे दुनिया में प्रतिवर्ष होने वाली 79 लाख मौतों में से 20 लाख यानि 25 प्रतिशत मौतें भारत में हो रही हैं। जहां एक तरफ सरकार की उदासीनता है तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय समाज का अंधविश्वास, अतार्किकता, नासमझी भी इसका एक कारण है। बाजार का नियंत्रण करने वाली शक्तियां अपने प्रचार माध्यम से इसको और बढ़ा रही हैं तथा सांप्रदायिक और कट्टरपंथ के मानस ने कुछ कुरीतियों को और अधिक फलने-फूलने व प्रचारित करने का मौका दिया है। इस साल दीपावली पर दिल्ली का वायु प्रदूषण बढ़कर 350 पीएम पर पहुंच गया और जो कई दिनों तक ऐसा ही बना रहा। दिल्ली की भाजपा सरकार ने अपने सांस्कृतिक अपराध को छिपाने के लिये जोर-शोर से प्रचार किया था कि मशीनों द्वारा कृत्रिम वर्षा कर प्रदूषण समाप्त किया जायेगा, पर यह मात्र दिखावा साबित हुआ। कहने का अर्थ यह है कि प्रदूषण जैसे अभिशाप को भी धर्म और राजनीति से जोड़ा जा रहा है। एक बड़ा वर्ग है जो दीपावली पर आतिशबाजी को धर्म से जोड़कर प्रदूषण की अनदेखी करता है। सुप्रीम कोर्ट तक पर उंगली उठायी जाती है।

# वोट चोरी-एसआईआर के सहारे

## मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की साज़िश!

**चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय है। संवैधानिक दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है।**



-अजय कुमार
लखनऊ

संसद के दोनों सदनों में चुनाव प्रक्रिया में सुधार, एसआईआर और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर चर्चा चल रही है। सभी दलों के नेता पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रख रहे हैं। इसी के साथ चुनावों के दौरान मतदान प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे विवादों में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग भी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष की पार्टियां बार-बार यह सवाल कर रही हैं कि आखिर क्यों जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है, जबकि कांग्रेस और महागठबंधन जैसी पार्टियां हर बार चुनाव में हार रही हैं। इन दलों का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरत रहा और ईवीएम में गड़बड़ी हो रही है। राहुल गांधी इस मामले में सबसे मुखर आवाज बने हुए हैं, जो ईवीएम के खिलाफ कई बार अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विपक्ष का मानना है कि सभी चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए वोटिंग की बजाय फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। उनका तर्क है कि ईवीएम में विश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे गड़बड़ी संभव है। इसके साथ ही वे बताते हैं कि ईवीएम के विवादों को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर सवाल उठाना उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। विपक्ष की ओर से यह भी आवाज उठ रही है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर वोट की गिनती सटीक और निष्पक्ष रूप से हो। दूसरी ओर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग का इस मामले पर मजबूत रुख है। उनका कहना है कि बैलेट पेपर के जमाने में चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और हिंसा होती थी। उस वक्त दबंग अपने इलाकों में जबरन बैलेट पेपर डालकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करते थे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने से रोका जाता था, धमकियां दी जाती थीं और कई बार मारपीट भी होती थी। बैलेट पेपर के डिब्बों में स्याही या पानी डालकर मतदाता का अधिकार छीना जाता था। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की पराकाष्ठा को खतरा था और जनता की मंशा का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता था। इन्हीं कारणों से चुनाव आयोग ने बहुत सोच-विचार के बाद ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को अपनाया। इसके आने के बाद चुनाव प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी हुई है। चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय है। संवैधानिक दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि यदि किसी को ईवीएम से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उसका समाधान ईवीएम वीवीपैट (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के जरिए जांचा जा सकता है। वीवीपैट सिस्टम मतदाता को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि उनका वोट मशीन में सही तरीके से दर्ज हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार चुनाव आयोग को निर्देश दिये हैं कि चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। हालांकि,




विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बजाय प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक मंचों पर ही वोट चोरी का आरोप लगाना जारी रखा है। राहुल गांधी के अलावा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी ईवीएम की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह तकनीक शक्तिशाली दलों का पक्ष लेती है। वे दावा करते हैं कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर ईवीएम के माध्यम से सत्तासीन पार्टी का समर्थन बढ़ा रही है। हालांकि, इस मामले में ठोस सबूत या अदालत में जांच के लिए कोई ठोस कदम विपक्षी दलों ने नहीं उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस दौरान अपने बयान में स्पष्ट किया है कि वे पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली पर पूरी तरह भरोसा किया जा सकता है। आयोग ने विपक्ष को भी कई मौके दिये हैं कि वे ईवीएम की जांच करें और यदि कोई त्रुटि मिले तो उसका निवारण किया जाए। आयोग ने बार-बार कहा है कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस पूरे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटिंग सिस्टम की समीक्षा और सुधार आवश्यक है, मगर इसे वैज्ञानिक आधार और तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर करना चाहिए। वे कहते हैं कि बिना किसी ठोस सबूत के, वोटिंग मशीन पर आरोप लगाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इसके बजाय सभी राजनीतिक दलों को साथ मिलकर चुनाव सुधारों पर विचार करना चाहिए और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना चाहिए। चुनाव आयोग ने पुनर्निर्धारित मतदाता पहचान प्रक्रिया, ईवीएम के सुरक्षा तंत्रों में नवीनतम तकनीक, वीवीपैट की संपूर्ण जांच और चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में सुधार जैसे कई कदम उठाए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया पर कोई संदेह न रहे। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अन्य आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी विचार किया है, जो लोकतंत्र की मजबूती में सहायक हों।

राजनीतिक दलों की बात करें तो कांग्रेस और महागठबंधन इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाकर जनता का ध्यान चुनाव प्रणाली की खामियों की ओर ले जाना चाहते हैं। वे दावा करते हैं कि जनता को सचेत किया जाए ताकि उनका वोट सुरक्षित रहे। दूसरी ओर भाजपा और अन्य सत्ता पक्ष इस बात पर जोर देते हैं कि पुरानी गलतियां दोबारा न आएं और लोकतंत्र के मजबूत स्तंभों को मजबूत किया जाए। उनका तर्क है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष है और विरोधी दल केवल अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। यह विवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब जनता चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा करे और मतदाता अपने अधिकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका इसमें निर्णायक होती है, क्योंकि वे चुनाव के नियम-संहिता के संरक्षक हैं। इसीलिए, वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता को लेकर चल रहे सवालों के बीच तथ्य-आधारित बहस जरूरी है ताकि लोकतंत्र की नींव मजबूत हो।

# धूमधाम से मनाया गया डीडीपीएस का वार्षिकोत्सव







## बच्चों की प्रस्तुतियों से यादगार बना 'आनन्दोत्सव'

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद की अग्रणी शिक्षण संस्था दयावती धर्मवीरा पब्लिक स्कूल बिजनौर का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विषय 'आनन्दोत्सव' रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के नेता एवं राज्यसभा के सदस्य श्री संजय सिंह रहे।

मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, श्री उदयन वीरा सचिव वीरा चैरिटेबल सोसायटी, स्कूल प्रबंधक एवं सांसद मुरादाबाद श्रीमती रुचि वीरा, श्रीमती स्वाति वीरा महाजन सदस्या वीरा चैरिटेबल सोसायटी, श्री खुशनूद खां नेता समाजवादी पार्टी, श्री प्रवीण कुमार कोषाध्यक्ष डी.डी.पी.एस., प्रधानाचार्य श्री राजीव थॉमस, मुख्य अध्यापिका श्रीमती एस्तर रुद्रा आदि ने सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने अतिथियों के लिए 'स्वागतम है आपका, आगमन है आपका' स्वागत गीत गाया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा स्कूल गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद प्रधानाचार्य राजीव थॉमस ने विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल का परिचय कराया गया। तदुपरांत गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने 'चक धूम-धूम' गाने पर सुंदर प्रस्तुति देकर सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। फिर क्रमशः एल.के.जी. के बच्चों ने 'नाच मेरी जान' और यू.के. जी.के बच्चों ने 'यू ग्लोइंग शैफर' गीत पर कक्षा एक के बच्चों ने 'नजरें मिलते ही नजरों' तथा कक्षा दो के बच्चों ने 'बल्ले




आप सांसद संजय सिंह को सम्मानित करते हुए कुंवरानी रुचि वीरा

बल्ले किड्स वाइब्स' गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। 'एक अनमोल दुल्हन' विषय पर एक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् कक्षा छः के बच्चों ने 'कर हर मैदान फतेह' कक्षा तीन के बच्चों ने 'काले मेघा काले मेघा', कक्षा सात के बच्चों ने हरियाणवी गीत पर तथा कक्षा चार के बच्चों ने 'फिर मिलेंगे चलते चलते' गीत पर अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा पांच के बच्चों द्वारा 'मेरा जूता है जापानी', कक्षा नौ के बच्चों द्वारा 'लुक छुप ना जाओ जी' तथा कक्षा ग्यारह के बच्चों द्वारा दक्षिण भारतीय व पहाड़ी गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी गई। अंत में कक्षा बारह के बच्चों ने 'कोई मिल गया' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद शैक्षणिक क्षेत्र में टॉपर रहे विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# फाउंडर्स-डे के रूप में मनाया गया कुंवर सत्यवीरा का जन्मदिन




**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में महान शिक्षाविद, समाजसेवी, पूर्व मंत्री (उ.प्र.) स्वर्गीय कुंवर सत्यावीरा का 114 वां जन्मदिवस फाउंडर्स डे के रूप में बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज कोषाध्यक्ष /रेडियो सन्देश सचिव श्रीमती स्वाति वीरा, प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं संस्था निदेशक प्रो. (डा.) अमित कुमार बंसल ने स्वर्गीय कुंवर सत्यवीरा की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। बिजनौर के आसपास के क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए प्राइमरी से लेकर डिग्री कॉलेज व इंजीनियरिंग कॉलेज तक 10 उच्च स्तरीय संस्थाओं की स्थापना की जो जनपद की अग्रणी शिक्षण संस्थानों में गिनी जाती हैं। मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा ने कहा कि कुंवर सत्यवीर ने बिजनौर में उस समय शिक्षा की अलख जगाई, जब साधन बहुत कम थे।

फाउंडर्स डे के उपलक्ष्य में कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान शर्मा ने प्रथम स्थान, पारी खेरा ने द्वितीय स्थान व मनमीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर पेंटिंग में स्वाति सिंह ने प्रथम स्थान, हर्ष राजपूत ने द्वितीय स्थान व दिशांत राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्ट्रीट पेंटिंग में प्रेरणा अहलावत, सांची, सृष्टि, खुशी राजपूत ने प्रथम स्थान, लविश चौधरी, प्रशंसा, खुशी, सामिया शकील ने द्वितीय स्थान और नूर फातिमा, जिया, श्रुति, इशिता त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिएटिव मॉडल्स ग्रुप (वेस्ट मटेरिअल) में नूर फातिमा, इशिता त्यागी ने प्रथम स्थान, देवेंद्र कुमार, आदित्य वर्मा, सत्यम ने द्वितीय स्थान, खुशी कुमारी, प्रसंशा, लविश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में पुरुष वर्ग में एमबीए की टीम विजयी रही व महिला वर्ग में भी एमबीए की टीम विजयी रही। इसी प्रकार मटकी फोड़ प्रतियोगिता में नियाशा तोमर, कनिष्क राठी विजयी रही व उपविजेता सत्यम राजपूत व उमंग चहल रहे। इस अवसर पर डॉ. साक्षी गोयल द्वारा फिजियोथेरेपी एवं दंत रोग डॉ. मेधावी सिंह द्वारा एवम नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका द्वारा एक कैंप आयोजित किया गया।

# कैम्पस प्लेसमेंट में दो छात्रों का चयन

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय में धारा मोटर्स द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें एमबीए, बीबीए, बीकॉम के अन्तिम वर्ष के छात्रों ने प्रतिभाग किया। धारा मोटर्स की एचआर हिमांशी देशवाल एवं वर्निका ने चयन प्रक्रिया, प्री प्लेसमेंट टाक, ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के पश्चात एमबीए के छात्र सक्षम अग्रवाल एवं बीबीए की ताशु त्यागी को चयनित किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन डॉ. सर्वेष कुमार शीतल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में और कम्पनियां भी लगातार अन्तराल पर कैम्पस प्लेसमेंट के लिए महाविद्यालय आती रहेंगी। विश्वविद्यालय के चान्सलर अमित गोयल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट के विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी कैम्पस प्लेसमेंट में प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विवेक यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों के चयन के लिए लगातार प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रो. चान्सलर इं. दीपक मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन उनकी पढ़ाई के दौरान हासिल की गयी विभिन्न दक्षताओं पर निर्भर करता है। विश्वविद्यालय के निदेशक अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में कॉरपोरेट जगत में कामयाबी प्राप्त करने के लिए कम्यूनिकेशन स्किल एवं इन्टरपर्शनल स्किल में महारथ हासिल करना अति आवश्यक है।





# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी का भविष्य विषय पर एसबीडी महाविद्यालय में होगी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी



एस.बी.डी. कॉलेज में हिंदी भाषा पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रेस वार्ता में बोलते हुए श्रीमती रेनू गोयल।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसन्धान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी का भविष्य, चुनौतियां और सम्भावनाएं' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20-21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

इस बारे में आज दोपहर आयोजित प्रेस वार्ता में संगोष्ठी की संयोजक एवं आयोजन सचिव हिंदी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अल्पना सिंह ने बताया कि इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, इंग्लैंड, रूस, उज्बेकिस्तान, नीदरलैंड, मॉरीशस, नार्वे, नेपाल, चीन, जापान, श्रीलंका आदि विभिन्न देशों से भाषाविद और विद्वान आएंगे। इसके साथ ही देश के अलग-अलग प्रांतों से शिक्षाविदों और भाषाविदों द्वारा वैश्विक स्तर पर हिंदी के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर गंभीर चिंतन मनन किया जाएगा और भविष्य की संभावनाओं के लिए नए सुझावों और उपायों पर चर्चा की जाएगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो पूनम चौहान ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी के विकास पर गहन चिंतन मनन करने के साथ ही इसके मार्ग में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श किया जाएगा।


बीएड विभागाध्यक्ष प्रो. बिमल सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। इस विषय पर चर्चा होना बहुत आवश्यक है। इस तरह के सेमिनार और कार्यक्रम हमें मानसिक रूप से समृद्ध करते हैं।

इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सहसंयोजक डॉ. कनक चौहान और डॉ. रंजू सिंह ने बताया कि हम निरन्तर प्रचार और प्रसार द्वारा अधिक से अधिक प्राध्यापकों और शोध छात्रों को को संगोष्ठी से जोड़ने का प्रयासरत हैं, जिससे सभी भाषा के प्रति जागरूक होकर लाभान्वित हो सकें। संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. पायल शर्मा ने बताया कि इस अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाषा के प्रति सजग विद्वान, शोधार्थी और विद्यार्थी जुड़कर विभिन्न सत्रों में हिन्दी की वैश्विक पहचान पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## यह गौरवपूर्ण उपलब्धि - रेणु गोयल

**महाविद्यालय की व्यवस्थापक श्रीमती रेणु गोयल ने सचिव डॉ. अल्पना सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि इस परिक्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि हमारा महाविद्यालय दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार, उपमंत्री अजय कुमार माहेश्वरी उपस्थित रहें।**

# रेलवे फाटक के नीचे से बाइक निकालने पर चालान



**धामपुर ( चिंगारी )।** मुरादाबाद मंडल रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर चलाये गये चेकिंग अभियान के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ ने जैतरा और नहटौर रेलवे फाटक के नीचे से बाइक निकाल कर ले जाने वाले पांच लोगों का चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार धामपुर रेलवे स्टेशन के दो रेलवे क्रॉसिंग 147 व 159 रेलवे फाटक के नीचे से बाइक क्रॉसिंग कर रहे लोगों को धामपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ आम जनता को नियम उल्लंघन करने पर जागरुक कर रही है। इसके बाद भी आने-जाने वाले बाइक सवार धामपुर रेलवे क्रॉसिंग को अपनी जान जोखिम में डालकर क्रॉस करते नजर आ रहे हैं। जिस पर रेलवे सुरक्षा बल के इंचार्ज व स्टाफ ने रेलवे एक्ट के तहत धामपुर में जैतरा फाटक और नहटौर रेलवे फाटक पर बाइक क्रॉसिंग में पांच चालान कर दिये।

# अन्तर्राष्ट्रीय हैल्थ पैकेज दिवस पर कार्यशाला आयोजित



विचार व्यक्त करते हुए वक्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर द्वारा दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के प्रधान कार्यालय पर अंतराष्ट्रीय हेल्थ पैकेज दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के पैरा लीगल वालंटियर जयवीर सिंह सिसोदिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय हेल्थ पैकेज दिवस के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन द्वारा हेल्थ पैकेज अच्छी चिकित्सा व्यवस्था है और बीमारी से बचाव आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सौरभ सिंह, बीना रानी, अनुज कुमार, जोगिंदर सिंह, आफ्ताब अहमद, जुल्फिकार अहमद, रामकुमार, हिमांशु आदि उपस्थित रहे। अंत में जयवीर सिंह सिसोदिया ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।

# युवती की शादी तय होने के बाद उसकी होने वाली ससुराल को भेजे अश्लील फोटो

**नहटौर ( चिंगारी )।** युवती की शादी तय होने के बाद गांव के ही एक युवक ने उसके अश्लील फोटो उसकी होने वाली ससुराल में भेज दिये। पीड़ित परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है।

नहटौर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का विवाह एक सप्ताह पूर्व तय हुआ था। आरोप है कि गांव के ही युवक ने फोटो को एडिट करते हुए उसके अश्लील फोटो बनाकर युवती की होने वाली ससुराल में भेज दिये। ससुराल पक्ष द्वारा युवती के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। आरोप है कि जब युवती के परिजनों ने आरोपी युवक से वार्ता की तो वह उनके साथ मारपीट पर उतारू हो गया। गाँव से उजाड़ने की धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# शुगर मिल रेलवे फाटक की सड़क, दोनों साइडों से गई उखड़

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल रेलवे फाटक के दोनों ओर की सड़क उखड़ जाने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। । भारतीय किसान यूनियन ने रेलवे विभाग से सड़क को ठीक कराये जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार धामपुर शुगर मिल रेलवे फाटक के दोनों तरफ की सड़क की लेयर उखड़ गई है, जिस कारण सड़क के उखड़े हुए पत्थर और उन में पड़े हुए गड्ढे दुर्घटना की आशंका पैदा कर रहे हैं। इस रोड से जब दुपहिया-तिपहिया और चार पहिया वाहन गुजरते हैं तो रोड पर पड़े हुए रोड़े और पत्थर बाइक के टायर से उछलकर दूसरे वाहन से टकरा जाते हैं, कभी-कभी यह पत्थर राहगीरों को भी लग जाते हैं। आजकल धामपुर शुगर मिल का गन्ना पेराई सत्र चल रहा है ऐसे में इस मार्ग से दिन रात लोगों का आना-जाना लगा रहता है। भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा ने रेलवे विभाग के अधिकारियों से सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## रेलवे विभाग से सड़क को ठीक कराये जाने की मांग

# छात्राओं को गुड टच, बैड टच की जानकारी दी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** शुक्रवार को थाना मंडावली की महिला उपनिरीक्षक रुचि ने महिला कांस्टेबल पूजा, स्वाति और प्रिया के साथ स्प्रिंग फील्ड एकेडमी नया गांव पहुंचकर छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत साइबर क्राइम और यौन अपराधों की घटनाओं से बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उपनिरीक्षक रुचि ने गुड टच, बैड टच की जानकारी देते हुए छात्राओं-शिक्षिकाओं का आहवान किया कि यदि कोई आपको परेशान कर रहा है , तो डरे नहीं, बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठायें। पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ है। यह जानकारी भी दी कि विभिन्न परिस्थितियों में किस हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें। तत्पश्चात उन्होने नॉर्थ इंडिया इंस्टीट्यूट के टैलेंट हंट में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 12 की छात्राओं अदिति , अन्विशा और दीपांशी को प्रशस्ति पत्र देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक कुलदीप सिंह , प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा सहित समस्त टीचर्स ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और बच्चों द्वारा सजाये गये पॉट में पौधों को लगाकर उन्हें भेंट किया।



मिशन शक्ति के पत्रक के साथ छात्रायें, पुलिस टीम और प्रधानाचार्या

# नजीबुद्दौला ने नजीबाबाद स्थापना के दौरान बसाये थे कई मौहल्ले

# नजीबाबाद के मौहल्लों की रोचक दास्तान

–नौशाद मुल्तानी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नवाब नजीबुद्दौला ने जब नजीबाबाद की स्थापना की थी, तब उन्होंने यहां कई मौहल्ले भी बसाए थे। उन मोहल्लों की दास्तान भी रोचक है। ज्यादातर नजीबुद्दौला ने अपनी बेगम सहित महल सराय के विश्वासपात्र कारिंदों के नाम पर नजीबाबाद में मोहल्लों के नाम रखे थे। महल सराय के कारिंदों के निवास जिस जगह पर बने उस मोहल्ले का नाम नवाबपुरा रखा गया था। नजीबुद्दौला व उनके परिवार का घर जिस जगह पर है उस मौहल्ले का नाम मकबरा रखा गया था। नजीबुद्दौला का खानदानी कब्रिस्तान जिस जगह था उस मौहल्ले का नाम मेहंदी बाग रखा गया। नवाब जाबिता खान के नाम पर एक मौहल्ले का नाम जाब्तागंज रखा गया। नजीबुद्दौला के खास कारिंदे कल्लू खां के नाम पर कल्लूगंज मौहल्ला व भतीजे मुनीरखान के नाम पर मुनीरगंज तथा सलाहकार मजीद खां के नाम पर मजीदगंज के नाम से मौहल्ले का नाम रखा गया था। जिस जगह अफगानिस्तान के पठानों को बसाया गया था, उस मौहल्ले का नाम पठानपुरा रखा गया। जिस जगह मुगल लड़ाकों को बसाया गया था उस मौहल्ले का नाम मुगलूशाह रखा गया तथा दरबारी दीवान परमानंद के नाम पर मौहल्ला दीवान परमानंद रखा गया था। नजीबुद्दौला के महल सराय की मालन संतो के नाम पर संतोमालान मौहल्ला बसाया गया। जिस जगह पर नजीबुद्दौला व आसिफुद्दौला के सिक्के ढालने का काम होता था उस मौहल्ले का नाम टकसाल रखा गया। नजीबुद्दौला के शासन में जिस जगह नान रोटी बनती थी उस जगह को नादेहिन्द मोहल्ला रखा गया। रानियो की सैरगाह को मौहल्ला पाईबाग नाम मिला। महलसराय के कुछ लोगों की जिस जगह हवेलियां बनाई गयी थीं उस मौहल्ले का नाम हवेलीतला रखा गया था। नजीबाबाद नगर में नवाब के परिजनों कारिंदों आदि के नाम पर बसाये गए मोहल्ले आज के रोहिल्ला काल की याद ताजा कर देते हैं।


मौहल्ला महल सराय का पुराना मुख्य द्वार।

## नजीबुद्दौला परिवार का महल ब्रिटिश सरकार ने तहस-नहस किया था

**नजीबाबाद।** नजीबुद्दौला के परिवार का महल ब्रिटिश सरकार द्वारा तहस-नहस कर दिया गया था। उस मौहल्ला महल सराय का कुछ टूटा-फूटा हिस्सा ही अब शेष बचा है। नजीबुद्दौला के नवाबी शहर नजीबाबाद में नजीबुद्दौला व उनकी बेगम का मकबरा नवाब नजीबुद्दौला की याद ताजा कर देता है।

## नजीबुद्दौला के भाई को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दफनाया गया था

**नजीबाबाद।** सन् 1797 में जन्मे रोहिल्ला पठान नजीबुदौला के भाई अब्दुल्ला खान के बेटे जनरल बख्त खान ने 1857 में दिल्ली से लेकर पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इस वीर को मौत भी मिली तो वतन से बहुत दूर जहां इसकी कुर्बानी को कोई याद करने वाला भी नहीं है। अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध लड़ते हुए वह 13 मई 1859 को गंभीर रूप से घायल होकर इस दुनिया से चले गये। बख्त खान को ब्रिटिश इण्डिया के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दफनाया गया था।

## पांच मस्जिदें भी सुनहरे काल का कर रहीं गुणगान

**नजीबाबाद।** मौहल्लों के साथ नवाब काल की पांच मस्जिदें सरवर वाली, नाले वाली, हौज वाली, स्टेशन वाली के साथ पांचवीं जामा मस्जिद कई मायनों में दूसरी मस्जिदों से जुदा हैं। इसकी पहचान किसी की मोहताज नहीं है। सदियों बाद भी यह मस्जिदें रोहिल्ला पठान सल्तनत के सुनहरे काल का गुणगान कर रही हैं। इसकी दीवारों में नवाबी सल्तनत की स्थापत्य कला रची बसी है।

# बाइक व कार की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** यहां मुरादाबाद रोड पर सारंग कॉन्वेंट स्कूल के समीप बाइक और कार की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार युवक सलेमपुर से स्योहारा की ओर जा रहा था।






जानकारी के अनुसार आहद (21 वर्ष) पुत्र मोहम्मद उमर निवासी ग्राम सलेमपुर, बाइक से स्योहारा की दिशा में आ रहा था। जैसे ही वह मुरादाबाद रोड पर सारंग कॉन्वेंट स्कूल के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक डिजायर कार से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सड़क से उठाया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची, चिकित्सक ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि युवक के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# क्रिसमस और नववर्ष पर एक घंटे अधिक खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनज़र प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसंबर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी। यह निर्णय आबकारी अनुभाग-2, लखनऊ द्वारा शासनादेश संख्या 1332 ई-2/एसएस-2025-1733158 दिनांक 09 दिसंबर 2025 के अंतर्गत लिया गया है। आदेश में कहा गया है कि त्यौहारों पर बढ़ती मांग और भीड़ को ध्यान में रखते हुए दुकानों का समय बढ़ाना आवश्यक है, जिससे व्यवस्था सुचारु बनी रहे।



# जीटीबी स्कूल में स्थापना दिवस पर हुये रंगारंग कार्यक्रम

**नूरपुर ( चिंगारी )। धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी पांच हाउसेज सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया।**

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने मोह लिया मन



जीटीबी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ. एम.पी. सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, नरेश कर्णवाल, डा. जसवेंदर कौर, डायरेक्टर रिंपल कौर सम्मानित अतिथि रहे। क्वीन्स ऑफ टाइम में सुभाष हाउस प्रथम, तेज हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। तेजेंद्र कौर मेमोरियल आर्ट प्रतियोगिता में सुभाष हाउस प्रथम, भगत सिंह हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस और तेज हाउस तृतीय रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, भगत सिंह हाउस तृतीय रहे। मास्टर शेफ में तेज हाउस प्रथम, सुभाष द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में हाउस प्रथम स्थान पर रहे। वार्षिक सभी प्रतियोगिताओं में तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, टैगोर हाउस तृतीय रहे। खेलों में चैंपियनों के चैंपियन सब-जूनियर लड़कियों में कोसी यादव, लड़कों में आयुष सिंह रहे। जूनियर लड़कियों में ध्रुवी यादव, लड़कों में अफ्फान रहे। सीनियर वर्ग में लड़कियों में हिफ़्ज़ा शेख, लड़कों में अंश कुमार रहे। सर्वश्रेष्ठ हाउस प्रीफेक्ट का पुरस्कार, सुभाष हाउस से कनक घाघट, हाउस प्रीफेक्ट प्रभ सिमरन कौर हाउस वाइस-प्रीफेक्ट को मिला। कार्यक्रम का संचालन रिद्धिमा, तृषा और हर्षिका ने किया। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने विद्यालय के इतिहास और वर्तमान शैक्षणिक और को करिकुलर से जुड़ी सुविधाओं के बारे में बताया तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि सभी अतिथियों एवं पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया गया। प्रबंधक मंदीप सिंह ने सभी पांच हाउसेस की मेहनत को सराहा और टीम की मेहनत और लगन से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। संस्थापक तारा सिंह को सभी ने जन्मदिन की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक सदस्यों ने सहयोग किया।

## 'डबल इंजन सरकार में भला घुसपैठिये कैसे आ सकते हैं?'

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिन्तक काजी जियाउर्रहमान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घुसपैठियों को पकड़ने व डिटेन्शन कैम्प बनवाये जाने के बयान पर कहा कि जिन योगी जी के राज्य में माफिया को मिट्टी में मिला दिया गया, अपराधी उनका राज्य छोड़कर दूसरी जगहों पर पलायन कर चुके हैं, वहां पर घुसपैठियों की क्या औकात, फिर दूसरी बात ये कि 11 वर्षों से डबल इंजन की सरकार है, तो घुसपैठिये कैसे आ सकते है, यह हमारी समझ से परे है। उन्होंने विकास की दीवानी सरकार का ध्यान बालावाली पुल से पहले लगभग एक किमी. सड़क के गड्ढों की ओर दिलाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड का प्रवेश द्वार होने के बावजूद बालावाली पुल के पास की सड़क उ.प्र. व उत्तराखण्ड सरकार को क्यों नहीं नज़र आती। उन्होंने स्योहारा-नूरपुर रोड पर अतिव्यस्त रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाने की मांग सरकार से की।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुमित की जमानत याचिका निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश) (एससी, एसटी एक्ट) अवधेश कुमार ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सुमित कुमार की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार एक युवती ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि 10 मई 2025 को रात के समय अपने घर के पीछे खेत पर अपने मंगेतर से बात कर रही थी। इसी दौरान बाली, नितिन कुमार, लविश, रॉबिन, आशु और सुमित कुमार वहां आए तथा उसके साथ जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में बाली, नीतीश कुमार, लविश, रॉबिन और आशु की जमानत याचिका पूर्व में ही निरस्त हो चुकी है। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त सुमित कुमार की जमानत याचिका भी निरस्त कर दी है।

# प्रधान ने पिलखन कटवाई, वन विभाग करेगा कर्रवाई



**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव गोहावर हल्लू के प्राथमिक विद्यालय में खड़े वर्षों पुराने पिलखन के पेड़ को ग्राम प्रधान ने दबंगई के बल पर कटवाते हुए पैसों का बंदर बाट कर लिया। सुबह होने पर हरा-भरा पेड़ कटा देख ग्रामीणों में चर्चा तेज हो गई, जिसके बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान बरम सिंह को पूछताछ के लिए दौलतपुर पुलिस चौकी बुलाया, जहां एक ओर सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए मुहिम चला रही है, दूसरी ओर गांव गोहावर हल्लू स्थित प्राथमिक विद्यालय में खड़े पिलखन के पेड़ को छांगने के नाम पर रातों रात पूरी तरह काटकर साफ कर दिया। बृहस्पतिवार की रात सिर्फ दो घंटे में प्राइमरी स्कूल में पिलखन के पेड़ को काटने का मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय निवासी पतराम सिंह ने हरे पेड़ के कटने पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि पेड़ की जड़ को छोड़कर मोटे गुद्दे लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में लेकर भाग निकले। हलका लेखपाल नरेंद्र कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही। स्थानीय लोगों ने पुलिस को ग्राम प्रधान बरम सिंह गोहवार हल्लू की संदिग्धता जाहिर की, वहीं स्कूल प्रबंधन और स्टाफ को भी जिम्मेदार ठहराया। वन विभाग के दरोगा मोतीलाल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की से दुष्कर्म करने और परिवार को धमकी देने का आरोपी, गिरफ़्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने तथा कार्यवाही करने पर किशोरी के परिजनों को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 10 दिसम्बर को थाने में दी गई तहरीर में कहा था कि जितेन्द्र पुत्र पीतम निवासी ग्राम हैजरपुर ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी व अश्लील हरकतें कीं तथा उसकी पुत्री के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया तथा कार्यवाही करने पर आरोपी द्वारा किशोरी के परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी जितेंद्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने जितेन्द्र को जलीलपुर रोड स्थित भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक हर स्वरूप शर्मा, हेका. राजीव कुमार व का. राजकुमार शामिल थे।

## खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को शंभा बाजार स्थित विकास अग्रवाल के आवास पर भगवान खाटू श्यामजी का कीर्तन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आये। मालूम हो कि विकास अग्रवाल ने अपने पिता जी की याद में शंभा बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मूर्ति की स्थापना कराई थी। जिसके वार्षिकोत्सव पर शुक्रवार को शंभा बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया। उसके बाद अपने आवास पर खाटू श्याम जी का कीर्तन कराया। कीर्तन के बाद सभी श्रद्धालुओं ने उनके आवास पर स्थित भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ममता रानी, नितेश अग्रवाल, इशिका अग्रवाल, अनवी अग्रवाल का सहयोग रहा।



# आर.आर. स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

## कक्षा प्रबंधन का दिया गया प्रशिक्षण

**नूरपुर ( चिंगारी )। स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में कक्षा प्रबंधन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में गुडलक पब्लिकेशन द्वारा नियुक्त मोनिका चोपड़ा ने बतौर प्रशिक्षक हिस्सा लिया। कार्यशाला में सर्वप्रथम स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, प्रशिक्षक मोनिका चौपड़ा व जय भारत सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**



आरआर पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के दौरान 56 शिक्षकों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। प्रशिक्षक मोनिका चोपड़ा ने कक्षा प्रबंधन के महत्व और सकारात्मक कक्षा वातावरण के निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रभावी कक्षा अनुशासन तकनीकों और चुनौतीपूर्ण व्यवहारों के प्रबंधन के तरीके बताए। सामान्य रूप से कक्षा कक्ष में आने वाली समस्याओं को हल करने के गुर सिखाए गए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हम नियम व प्रक्रिया में निहित अंतर को समझते हुए अपने प्रशिक्षण कार्य को निखार सकते हैं। नई-नई तकनीक के उपयोग से जहां शिक्षण कार्य सरल व प्रभावी बनाया जा सकता है, वहीं विद्यार्थी भी लर्निंग में रुचि लेते हुए जल्द सीखते हैं। शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन के अंतर्गत व्यवहार प्रबंधन, समय प्रबंधन व शिक्षक विषय वस्तु सामग्री प्रबंधन आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती है। स्वाति यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, अजय चौहान, विरेंद्र चौधरी, चंचल कटारिया, कपिल कुमार, नरेंद्र कुमार, भूमिका चौहान, अनिल शर्मा, विरेंद्र चौहान, दीपक कुमार, रजनीश चौहान, रीना रानी, पूनम कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया सेंट मैरी स्कूल का वार्षिक उत्सव

## सेंटमेरी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक्सीलेंट मानक प्रेजेंट कर रहा है - डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जसजीत कौर (आईएएस), जिलाधिकारी बिजनौर, विशिष्ट अतिथि अमित कुमार गोयल, चांसलर विवेक यूनिवर्सिटी, कार्यक्रम के अध्यक्ष बिशप जॉन वडाक्केल सी.एम.आई., विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू, प्रधानाचार्या सिस्टर

### सेंट मैरी स्कूल का डिसिप्लिन बहुत अच्छा है जो कि बच्चों के जीवन में आगे बढ़ाने के लिए शानदार ऊर्जा प्रदान करता है - अमित गोयल

लिन्सी, उप-प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी, सिस्टर जिल्सी के.जी. प्रभारी और सिस्टर एंजेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। नन्हे मुन्ने छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेंट मैरी स्कूल बाल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का मानक प्रस्तुत कर रहा है। बच्चों की प्रस्तुतियां यह दर्शाती हैं कि विद्यालय सर्वांगीण विकास को प्रथम प्राथमिकता देता है। बिशप जॉन वडाक्केल ने कहा कि





बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और मूल्यों का उत्सव है। विद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा प्रशंसनीय है। आन्या मित्तल को फादर मैथ्यू पैरोकल पुरस्कार प्रमाण पत्र 10,000 तथा डायसिस टॉपर (विज्ञान विभाग) होने पर प्रमाणपत्र सहित 10,000 देकर सम्मानित किया गया। ऋद्धि चावला जो वाणिज्य में डायसिस टॉपर रही उन्हें प्रमाणपत्र और 10,000 देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 में आन्या मित्तल द्वारा भौतिक विज्ञान में आराध्य शर्मा द्वारा शारीरिक शिक्षा में 100/100 लाने पर उन्हें योग्यता प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा 10 में एकांश द्वारा विज्ञान में, यति अग्रवाल और नमन बेनीवाल द्वारा हिंदी में शत-प्रतिशत अंक लाने पर उन्हें योग्यता प्रमाण पत्र दिया गया।

### हमारा उद्देश्य सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना-फादर शाजू

विद्यालय प्रबंधक फादर शाजू ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चे की क्षमता को पहचान कर उसे सर्वोत्तम दिशा प्रदान करना है। कार्यक्रम में जुंबा, पिरामिड, बैंड, ताइक्वांडो जैसे अनेकों मनमोहक और अदभुत प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। राष्ट्रगान के साथ वार्षिक उत्सव का सफल समापन हुआ। मुख्य अतिथियों ने विद्यालय की शिक्षा, अनुशासन और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# वासुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने बिजनौर के सार्थक राणा

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** बिजनौर निवासी सार्थक राणा का चयन वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर होने से उनके परिवार तथा मामा के घर पर जश्न का माहौल है। सार्थक को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वायुसेना द्वारा गत रात्रि जारी परिणाम के अनुसार सार्थक राणा पुत्र तेजपाल सिंह राणा निवासी प्रेमनगर कॉलोनी, बिजनौर का चयन फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हो गया है। सार्थक के मामा नांगल क्षेत्र के ग्राम महमसापुर निवासी सोहन सिंह ने बताया कि सार्थक की शुरुआती शिक्षा सेंट मैरी स्कूल बिजनौर में हुई और मेरठ से ग्रेजुएशन किया। वह शुरुआत से ही पढ़ाई और खेलकूद में अव्वल रहा है। 'चिंगारी' की ओर से सार्थक को हार्दिक बधाई तथा उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं।



सार्थक राणा

## दुकान में चोरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर वहां से इन्वर्टर व एलईडी चोरी कर ली। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। नगर के मुहल्ला सरायरफी फीना रोड पर मौ आमिर पुत्र साबिर हुसैन की बाबू मार्बल के नाम से दुकान है। चोरों ने दुकान के ताले तोड़ कर वहां से इन्वर्टर व एलईडी चोरी कर लीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# हिस्ट्रीशीटर तमंचे के साथ गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि फुरकान पुत्र कामिल, निवासी ग्राम दहीरपुर, थाना नांगल को बीती रात मुखबिर की सूचना पर नांगल स्थित कब्रिस्तान के पास से 315 बोर के तमंचे तथा एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी फुरकान नांगल थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा उसके विरुद्ध गौ हत्या निवारण अधिनियम सहित कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं।**

# भाकियू का धरना जारी, डटे हुये हैं पदाधिकारी

**नहटौर ( चिंगारी )।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वहां एडीओ पंचायत कार्यालय की तालाबंदी कर दी। ब्लॉक परिसर में उन्होंने विभिन्न मांगों के निस्तारण के लिए धरना प्रारंभ कर दिया। इसी दौरान धरने का पता चलने पर खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ब्लाक मुख राकेश चौधरी ने मौके पर पहुंचकर भारतीय किसान उनके पदाधिकारियों से वार्ता की, परंतु वार्ता विफल होने पर किसान यूनियन ने अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश ने बताया कि विभिन्न समस्याओं का समाधान होने तक धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर मास्टर विजय पाल, राजेंद्र सिंह, पुनीत कोसीयार, रिंकू राठी, बृजपाल सिंह, अतेंद्र सिंह, विकास, पदम सिंह, नोवाहर सिंह, सत्यवीर सिंह, मुदित त्यागी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता चौधरी महेंद्र सिंह व संचालन नौबहार सिंह ने किया।



# बेटियों की सुरक्षा नितांत आवश्यक : प्रो. अनिल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर बिजनौर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शुमायला परवीन, बुशरा और सबा फातिमा आदि ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बताया कि बेटियां ही समाज की जननी हैं तो समाज के निर्माण के लिए उनकी सुरक्षा नितांत आवश्यक है। हमारी सरकार निरन्तर बेटियों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए प्रयासरत है।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है। बेटियां सुरक्षित भी रहें और शिक्षित होकर समाज की उन्नति में अपना योगदान दें। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूक होने तथा जागरूक करने, दोनों की ही आवश्यकता है। महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जानना होगा ताकि जिनके साथ भी उत्पीड़न या हिंसा हो रही है वे उसके विरुद्ध आवाज उठा सकें तथा न्याय पा सकें।

# ज़िलाधिकारी के निर्देश पर अलावों का निरीक्षण किया

**नहटौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी के निर्देश पर ठंड को दृष्टिगत रखते हुए तहसीलदार धामपुर नगर पालिका परिषद द्वारा जलाएं जा रहे। अलाव का देर नहटौर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अलाव जलते हुए मिले।

जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर के निर्देश पर जनमानस को ठंड से बचाने के लिए नहटौर नगर पालिका परिषद द्वारा चिन्हित किए गए 10 स्थानों पर अलाव जलाएं जा रहे हैं। निरीक्षण करने के लिए तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह ने देर शाम नहटौर पहुंचकर जलते हुए अलावों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अलाव जलते हुए मिले। जिसमें हल्दौर चौराहा, रोडवेज बस स्टैंड, पीर की चुंगी, एजेंसी चौराहा, जलते हुए मिले। तहसीलदार धनराज सिंह ने अधिशासी



अधिकारी को अन्य स्थानों पर भी जगह को चिन्हित करके ठंड को दृष्टि गत रखते हुए। अलाव जलाने के निर्देश दिए। रैन बसेरा में भी अलाव जलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पालिका में विशेष कुमार, रमेश शर्मा, अतुल कुमार, कपिल शर्मा, गजेंद्र कुमार, सलीम अहमद, अकरम, गौरव त्यागी, शाहजेब आलम, हर्ष जैन आदि मौजूद रहे।

# लंदन में सम्मानित हुये मौसम और सुचि

## हाउस ऑफ लॉर्ड्स में हुआ सम्मान समारोह



बिजनौर (चिंगारी)। विश्व में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखने वाले लंदन के सुप्रसिद्ध हॉउस ऑफ लॉर्ड्स में वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं बिजनौर सदर विधायक सूचि मौसम चौधरी को लॉर्ड रमी रेंजर, लॉर्ड कृष रावल, बॉट्स ब्रॉन्ज वर्ना मेंबर (ब्रिटिश हाउस ऑफ लॉर्डस) द्वारा ग्लोबल लीडरशिप इनोवेशन एंड लीडरशिप अवार्ड्स 2025 से सम्मानित किया गया।

इसी के साथ, जनपद बिजनौर के लिए बेहद गौरवशाली यह पल उस अतीत को भुला गया जिसमें विकास कार्यों की कमी और जनप्रतिनिधियों की असंवेदनशीलता साफ़ दिखती थी। निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ते बिजनौर का गौरवगान लंदन के हॉउस ऑफ लॉर्ड में विकास कार्यो के बलबूते हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज़ी मीडिया द्वारा दिया जाने वाला यह सम्मान सामाजिक सेवा कार्यो तथा राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया जाता है। विभिन्न मानकों के आधार पर तय होने वाले इस सम्मान की रूपरेखा विश्लेषकों द्वारा एक तय क्षेत्र के फ़ीडबैक और धरातल पर हुए कार्यो को आधार बनाकर पूरी की जाती है। पिछले एक दशक से अधिक समय के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी और विधायक सुचि मौसम चौधरी द्वारा बिजनौर में किये गए विकास कार्य राष्ट्रीय मीडिया संस्थान ज़ी ग्रुप के सभी मानकों पर खरा उतरे।




### चुनिंदा व्यक्तियों को अवार्ड दिया गया

ग्लोबल लीडरशिप इनोवेशन एंड लीडरशिप अवार्ड्स एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है, जहां दुनियाभर के ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये निरंतर काम कर रहे हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम लंदन में आयोजित किया गया, जहां समाजसेवा, नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रमुख योगदान देने वाले चुने हुये व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया।

### अवार्ड बिजनौर के प्रत्येक परिवार को समर्पित किया

भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी और विधायक सुचि मौसम चौधरी ने यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान ग्लोबल लीडरशिप इनोवेशन एंड लीडरशिप अवार्ड् 2025 बिजनौर के प्रत्येक परिवार को समर्पित करते हुए कहा, 'बिजनौर में विकास और विश्वास का यह क्रम आप सबके आशीर्वाद और सहयोग से अनवरत चलता रहेगा। यह सम्मान बिजनौर को मिला है, हम बेहद सौभाग्यशाली हैं विश्व के ऐतिहासिक हाउस ऑफ लॉर्डस में आपके प्रतिनिधि के तौर पर यह सम्मान प्राप्त कर रहें हैं।'

## गन्ना ढुलाई करने वाले ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग

### किसानों ने एसडीएम-सीओ को दिया ज्ञापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम व सीओ को एक ज्ञापन देते हुए उन्हें किसानों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष चौ वीर सिंह सहरावत ने दोनों अधिकारियों के सामने किसानों की समस्याएं उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में गन्ना तौलने वाले बिना सत्यापन के रखे गये जम्मू-कश्मीर के युवकों द्वारा किसानों से अभद्रता बंद कराने, शुगर मिलों द्वारा क्रय केंद्रों से गन्ना ढुलाई करने वाले ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने, किसी भी शुगर मिल गेट व उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली रोकने के लिए टीम गठित कर छापेमारी कराने, उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में किसानों के पानी पीने के लिए लगे हैंडपंप से दूषित पानी बंद कराने आदि की मांगें की। समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, मंडल प्रभारी जग्गन अली, चौ. देवेंद्र सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, प्रदीप राणा, सरदार जरनैल सिंह, अजयपाल सिंह, सुखवीर सिंह, नीटू राणा, लक्ष्मण सिंह, मूला सिंह, मास्टर मुनेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, फुरकान अली, शहाबुद्दीन अहमद, मुबश्शिर बेग, अकरम अली, शहजाद अली, नईम मुंशी, हाजी यामीन सिद्दीकी, जाहिद अली, लक्की, बिट्ठू, टीकम सिंह महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रेखा देवी आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल सवार वृद्ध से 14 हजार रुपये छीने

**नहटौर ( चिंगारी )।** बाइक सवार बदमाशों ने एक साइकिल सवार वृद्ध से 14 हजार रुपए छीन लिये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को गांव शादीपुर निवासी रामपाल सिंह (75 वर्ष) आंकू स्थित बैंक से 20 हजार रुपए निकालकर साइकिल से अपने घर जा रहे थे। उन्होंने 14 हजार रुपए एक जेब में और शेष 6 हजार रुपए दूसरी जेब में रखे थे। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव सराय के पास दो बाइक सवार पहले से ही सड़क पर खड़े थे। एक बदमाश अचानक रामपाल सिंह की साइकिल के सामने आ गया और उन्हें रोक लिया। उसने वृद्ध से चिपटकर उनकी एक जेब से 14 हजार रुपए निकाल लिए। जैसे ही रामपाल सिंह को अपनी जेब से पैसे निकाले जाने का एहसास हुआ, उन्होंने शोर मचा दिया। तब तक दोनों बाइक सवार मौके से फरार हो हो चुके थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अच्छा कार्य करने के लिए बीएलओ को सम्मानित किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी से वार्ड 2 के जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी शाहबुद्दीन मकरानी व वाजिद मकरानी ने प्राथमिक विद्यालय मंडावली पहुंचकर बीएलओ मोहम्मद आरिफ, पूनम रानी व अल्पना मौर्या को एसआईआर कार्य ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बीएलओ को सम्मानित करते हुए ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद, शमशाद आरजू, आसिफ मकरानी, नौशाद मकरानी आदि मौजूद रहे।

### आसपा जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार के वाजिद मकरानी के कार्यालय मंडावली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। इस मौके पर रोहित सागर, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।


### व्यापारी नेता ने एसआईआर के बारे में जानकारी ली

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने अपने क्षेत्र के बीएलओ से मौहल्लावासियों के एसआईआर के संबंध में जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि वार्ड के अधिकांश लोगों के गणना फार्म जमा हो चुके है। जिनका डिजीलाइजेशन का कार्य भी कर दिया गया है। जिन्हें फार्म नहीं मिले या उन्होंने फॉर्म मिलने के बाद अभी तक जमा नहीं किये है उनसे सम्पर्क किया जा रहा है।

### हड्डियों की जांच का मुफ्त कैम्प 15 को

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज स्थित डॉ. शाकिर खान के क्लीनिक पर 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हड्डियों में कैल्शियम की जांच का मुफ्त विशाल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## अखिलेश यादव की महिलाओं के लिए घोषणा सराहनीय: मुनव्वर अली



नजीबाबाद (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव मुनव्वर अली ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आधुनिक युग का सबसे बड़ा समाजवादी नेता बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का बहुत बड़ा दिल है, जिसका प्रमाण उनके द्वारा महिलाओं के लिए की गई घोषणा जिसमें सपा सरकार बनने पर प्रत्येक महिला को 40000 रूपए सालाना देने की करना सराहनीय है। उक्त कदम से ना केवल गरीब जरूरतमंद महिलाओं को मदद मिलेगी बल्कि प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में भी सुधार होगा। प्रदेश की लाखों गरीब परिवारों की बुनियादी जरूरतें ही पूरी होगी। मुनव्वर अली ने अखिलेश यादव को जुबान का पक्का नेता बताते हुए कहा कि अखिलेश पूर्व की सपा सरकार में गरीब छात्र व महिलाओं को लैपटॉप, गरीब छात्राओं को पढ़ने के लिए 20000 कन्या विद्या धन, गरीब छात्राओं को विद्यालय जाने के लिए साइकिल भी दे चुके है। श्री अली ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले प्रदेश की महिलाओं को बताए कि उसने उनके लिए क्या कार्य किया है। उन्होंने भाजपा पर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के पास सांप्रदायिकता के अलावा कोई विजन नहीं है। उत्तर प्रदेश में दो बार सरकार बनने के बाद भी भाजपा सरकार द्वारा कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं किया गया है।

# आधा किलो चरस के साथ, तीन लोग आये हाथ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पौड़ी जनपद की कोटद्वार पुलिस ने चरस के साथ तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। शुक्रवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के क्रम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी के नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में कोटद्वार पुलिस, ए एन टी एफ व सीआईयू टीम द्वारा क्षेत्र में गुरूवार को क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इस दौरान टीम को मालन पुल के पास तीन व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिये। इस पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 495.09 ग्राम चरस बरामद की गई। इस पर पुलिस उन्हें कोतवाली ले आई, जहां पर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में उन्होंने



पुलिस की गिरफ्त में अवैध चरस बेचने के आरोपी।

अपना नाम संदीप शर्मा, पुत्र विजय प्रकाश, निवासी- झंडीचौड़ कोटद्वार,मृत्युंजय, पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी- झंडीचौड़ कोटद्वार व कमलेश पुत्र रामू सैनी, निवासी- ग्राम डकोली, थाना- उन्नाव, उत्तर प्रदेश बताया।

पुलिस ने संदीप शर्मा से-155.75 ग्राम, मृत्युंजय से- 108.35 ग्राम व कमलेश से 230.99 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## त्रिदिवसीय महाराज अग्रसेन जयंती समारोह प्रारंभ

### प्रथम दिवस निकाली अग्रचेतना बाइक रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह आरंभ हो गया है। समारोह के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को तीलू रौतेली चौक स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष सुबोध गर्ग ने कहा कि अग्रवंश समाज आज देश के हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है,आज पूरे विश्व में अग्रवंश समाज अपनी उच्च कार्य कुशलता व योग्यता से विभिन्न उच्च पदों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवा सभा अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने कहा कि आज विश्व में कर्तव्य निष्ठा, सभ्यता और दृढ़ता के लिए अग्रवंशियों के उदाहरण दिए जाते हैं। तत्पश्चात नशा मुक्ति, नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों का पालन करने के प्रति अग्रचेतना मोटर साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर सभा के महामंत्री नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जीवन जैन, संजय मित्तल, रतन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, दीपक गोयल और मोहित गर्ग सहित सभा से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

## राज्य के 10 निगमों के अधिकारी एवं कर्मचारी 20 दिसम्बर के आंदोलन की कर रहे तैयारी

### सीएम आवास तक निकालेंगे रैली

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ उत्तराखंड के बैनर तले 10 निगमों के अधिकारी और कर्मचारी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में 20 दिसंबर को देहरादून में प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं। कर्मचारी परेड ग्राउंड से विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच करेंगे।

इस संबंध में शुक्रवार को कोटद्वार रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद (यातायात शाखा) के शाखा मंत्री कुलदीप प्रसाद ने बताया कि महासंघ लंबे समय से वर्ष 2025 तक 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी संवर्ग के कार्मिकों का नियमितीकरण करने, शेष रिक्त पदों पर नई भर्ती करने, राज्य कर्मचारियों की तरह शासन के आदेश निगम कर्मचारियों पर लागू करने, वेतन विसंगति समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, सभी निगमों में शिथिलीकरण व सातवें वेतन आयोग के अनुसार मकान भत्ता शीघ्र लागू करने और वर्ष 2005 से नियुक्त हुए कर्मचारियों की पेंशन लागू करने की मांग कर रहा है, लेकिन मांगों पर कोई कार्रवाई न होने से आक्रोशित कर्मचारियों ने अब आंदोलन की तैयारी कर ली है।

बताया कि आंदोलन में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन, वन विकास निगम कर्मचारी संघ, उत्तराखंड पेयजल निगम कर्मचारी महासंघ, डिप्लोमा इंजीनियर संघ जल निगम, गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी संगठन, गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी संघ, कुमाऊं मंडल विकास निगम संयुक्त कर्मचारी महासंघ, तराई बीज निगम रूद्रपुर और प्रदूषण बोर्ड कर्मचारी संगठन भागीदारी करेंगे। कहा कि इस संबंध में सभी विभागों के कर्मचारियों से संपर्क किया जा रहा है।

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में पारित प्रस्तावों पर नहीं हो रही कार्रवाई

### पार्षद ने धरना देकर नाराजगी जताई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व में हुई बोर्ड बैठक के प्रस्तावों पर इस बार की बोर्ड बैठक में चर्चा नहीं होने से आक्रोशित पार्षद सूरज प्रसाद कांति ने शुक्रवार को निगम कार्यालय के बाहर धरना दिया। पार्षद ने नगर निगम व महापौर पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धरने को कांग्रेस के पूर्व ब्लाक प्रमुख रूचि कैंत्यूरा ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में नगर निगम की प्रथम बोर्ड बैठक हुई थी, जिसमें शहर के विकास को लेकर कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई थी। बताया कि नगर निगम की पहली बोर्ड बैठक में जब पूर्व के बिंदुओं पर कार्य के बारे में पूछा गया तो निगम अधिकारी व महापौर गोलमोल जवाब देने लगे। वर्तमान में भी पूर्व की बोर्ड बैठक के बिंदु संख्या 11 के क्रम में सिंचाई गूलों पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। इस पर भी बैठक में शासन को डीपीआर बनाकर प्रेषित करने पर सहमति बनी थी, लेकिन निगम द्वारा बिना बोर्ड अनुमति के कार्य कराया जा रहा है, जो गलत है। कहा कि जब तक उन्हें पूर्व में प्रस्तावित बिंदुओं पर जवाब नहीं मिल जाता, उनका धरना जारी रहेगा। धरने में अमित राज सिंह रावत, जयराज सिंह बिष्ट और साबर सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली की तैयारी, ऋषिकेश में जोर-शोर से जारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कल 14 दिसंबर रविवार को नई दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के अन्तर्गत होने वाली रैली के संबंध में छिद्दरवाला में ब्लॉक स्तर की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों को बैठक में रैली की रणनीति, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां, एवं दिल्ली तक अधिकतम संख्या में लोगों को ले जाने के लिए आवश्यक प्रबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि छिद्दरवाला क्षेत्र से अभूतपूर्व भीड़ नई दिल्ली पहुंचेगी और जनता की आवाज को निर्णायक रूप से उठाया जाएगा। कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला, ग्राम प्रधान गोकुल रमोला ने कहा कि आज देश जिस स्थिति से गुजर रहा है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए अत्यंत चिंता का विषय है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को नए शिखर पर पहुंचा दिया है। जनता की आवाज दबाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी हर मोड़ पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है। कल की रैली केवल एक आयोजन नहीं बल्कि जन-आक्रोश का महासंगम होगी। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह व कनिष्ठ प्रमुख धनवीर बेंदवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आम जनता के हक, संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए संघर्षरत रही है। जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है और अब परिवर्तन की आवाज तेज़ होती जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजेंद्र विक्रम शाही, ब्लॉक महिला अध्यक्ष दीपा चमोली, अल्का छेत्री, त्रिलोक बेंदवाल, पुरण चंद रमोला, प्रकाश पांडे, सतीश रावत, सत्य प्रकाश जखमोला, रुक्म पंवार, राकेश कंडियाल, कुंवर सिंह गुसाईं, जितेंद्र त्यागी आदि मौजूद थे।

## दोना और पत्तल बनाकर, दिव्यांग बन रहे आत्मनिर्भर

### मशीन और कच्चा माल डीएम ने कराये उपलब्ध

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के नींबूचौड़ स्थित दिया दिव्यांग संस्था से जुड़े दिव्यांगजन अब आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की पहल पर संस्था को सहायता प्रदान करने के साथ ही दोना-पत्तल निर्माण के लिए आवश्यक कच्चा माल एवं मशीनें भी उपलब्ध करायी गयी हैं, जिससे दिव्यांगजनों के लिए स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित हुए हैं। शुक्रवार को संस्था संचालिका कविता मलासी ने बताया कि जिलाधिकारी ने पूर्व में दिया दिव्यांग संस्था का निरीक्षण किया था। इस दौरान दिव्यांगजनों ने जिलाधिकारी से दोना-पत्तल बनाने की मशीन स्थापित करने का निवेदन किया था। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें मशीन उपलब्ध करायी। जिलाधिकारी के प्रयास से दिव्यांगजनों ने प्रशिक्षण लेकर दोना-पत्तल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। बताया कि मशीन और कच्चा माल मिलने के बाद दिव्यांगजन प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कार्य में जुट गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दिव्यांगजन हितों के प्रति उनका दृष्टिकोण संवेदनशील और सार्थक है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मुर्गी फार्म में लगी आग, सब कुछ जलकर राख

## लगभग चार लाख के नुकसान का अनुमान



अफजलगढ़( चिंगारी )। शुक्रवार की रात्रि एक मुर्गी फार्म में अचानक आग लग गई, जिसमें रखा लगभग डेढ़ लाख रुपए का मुर्गी दाना सहित करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। नगर निवासी मौ. आसिफ उर्फ आतिफ नगर के ही मोहल्ला जैनुल आबेदीन में पिछले एक वर्ष से मुर्गी फार्म बनाकर उसमें मुर्गा पालन करता है। शुक्रवार की रात्रि 7 बजे तक वह अपने मुर्गी फार्म पर ही था, जिसके बाद वह ईशा की नमाज पढ़ने के लिए चला गया था। कुछ देर बाद ही उसे उसके मुर्गी फार्म के पड़ोसी द्वारा फोन करके इत्तला दी गई कि उसके मुर्गी फार्म में आग लग गई है। आतिफ, उसके परिजन व अन्य साथी तुरंत मौके पर पहुंचे तब तक मुर्गी फार्म ऊंची लपटों के साथ धूं-धूकर जल रहा था। तमाम लोगों के भरसक प्रयास के बाद भी आग काबू में नहीं आ पा रही थी। अचानक लगी आग से मुर्गी फार्म जलकर राख हो गया है। मुर्गी फार्म स्वामी आसिफ ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल मुर्गी फार्म में मुर्गी बच्चा नहीं था। गुरुवार को उसने डेढ़ लाख रुपए कीमत का मुर्गी दाना मंगाकर वहां रखा था। आसिफ का कहना है कि मुर्गी दाने सहित उसका लगभग 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है।

# शिक्षक से मारपीट के आरोपी सरताज का चालान




**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। शिक्षक के साथ मारपीट के आरोपी सरताज को अफजलगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गत 06 दिसंबर को सीरवासुचंद निवासी शिक्षक महबूब अली व सरताज के बीच कासमपुर गढ़ी के मेन बाजार में विवाद हो गया था। महबूब अली ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि वह सरताज की दुकान पर उससे अपने रुपए लेने गया था। आरोप है कि सरताज ने महबूब के साथ गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, जिसमें शिक्षक महबूब अली के हाथ में चोट आई। अफजलगढ़ पुलिस ने घायल महबूब अली की तहरीर के आधार पर आरोपी सरताज के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 351(3) व 131 के तहत मुकदमा दर्ज कर महबूब अली के हाथ की एक्स-रे रिपोर्ट में फ्रेक्चर के आधार पर सरताज के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2) का इजाफा किया गया। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी सरताज पुत्र शमशुलहई निवासी ग्राम सीरवासुचंद को शुक्रवार को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में उसका चालान किया गया है।


गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



Bachpan Play School , Bijnor UP

BACHPAN

WE'RE HIRING

JOIN OUR TEAM

WE ARE LOOKING ONLY FOR FEMALE CANDIDATES:

COUNSELLOR / TEACHERS

- GRADUATION DEGREE
- MINIMUM 6 MONTHS OF EXPERIENCE IN PRE-SCHOOL
- GOOD COMMUNICATTION SKILLS

MAID/HELPER

Submit your resume by : 31th December 2025

SEND YOUR RESUME/CV TO:
7455025144
chandpur3678@bachpanglobal.com
Shree DayaRam Traders,
Near Kohinoor Banquet Hall, Chandpur road, BIJNOR UP



## सूचना

मेरा पासपोर्ट नम्बर L 3804476 है जिसमें मेरा नाम MOHAMMAD IARFAN दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAMAD IRFAN है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMAD IRFAN कर दिया जाए तथा मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

-मौहम्मद इरफ़ान पुत्र गुलाम हुसैन, निवासी- ग्राम रोशनपुर जागीर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )



## प्लॉट बिकाऊ है

बिजनौर-हरिद्वार रोड पर कस्बा चंदक में साप्ताहिक बुध बाजार के निकट ऑन रोड 540 गज का प्लॉट बिकाऊ है। प्लॉट शोरूम/शॉपिंग मार्केट बनाने हेतु उपयुक्त है।

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 9639919509, 9759593153, 9411016000



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

ATHER ELECTRIC DECEMBER

You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*

₹10 000 On Credit Card
₹10 000 Cash benefits



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

E&periance Minimum 1 Years

( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911